https://www.etvbharat.com/hindi/chhattisgarh/state/bilaspur/mou-between-guru-ghasidas-university-and-edii-ahmedabad/ct20211209110350106

MoU in GGU AND EDII: नया भारत एक भारत के प्रयोग में सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने रखा कदम

Published on: Dec 9, 2021, 11:03 AM IST

बिलासपुर के गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय (Guru Ghasidas University) और एंटरप्रिन्योरशिप डेवेलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (EDII) के बीच MOU हुआ है. इस MOU के बाद अब दोनों विश्वविद्यालय के छात्र मिलकर रिसर्च कर सकेंगे.

बिलासपुर: छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में स्थित गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय और एंटरप्रिन्योरशिप डेवेलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के बीच MOU साइन हुआ. अहमदाबाद के एंटरप्रिन्योरशिप डेवेलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (EDII) की ओर से आए अधिकारियों ने एमओयू में हस्ताक्षर किये.

बिलासपुर गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय और एंटरप्रिन्योरशिप डेवेलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (EDII) अहमदाबाद के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ. इस समझौता ज्ञापन में विश्वविद्यालय में उद्यमिता विकास, स्टार्ट अप को प्रोत्साहन और नवाचार व शोध को बढ़ावा देने पर कार्य किया जाएगा. एंटरप्रिन्योरशिप डेवेलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (EDII) अहमदाबाद गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के शोधार्थियों और छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों के साथ नया स्टार्ट अप स्थापित करने में आवश्यक विभिन्न आयामों से अवगत होने में सहायता मिलेगी. इस MOU के अंतर्गत विश्वविद्यालय में पूरे साल में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे. जिससे छात्र, शिक्षक, कर्मचारियों के साथ इस क्षेत्र के विभिन्न

विश्वविद्यालय और कॉलेज लाभ ले सकेंगे. तीन दिवसीय शिविर में पंजीयन शुल्क 500 रुपये निर्धारित किया गया है.

13 से 15 दिसंबर तक उद्यमिता जागरूकता शिविर

विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय उद्यमिता जागरुकता शिविर का आयोजन 13 से 15 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा. प्रतिभागी 10 दिसंबर तक पंजीयन करा सकते हैं. डॉ. ईश्वर कुमार, राज्य समन्वयक IDII के साथ विश्वविद्यालय के इंक्यूबेशन सेंटर की कोर कमेटी में डॉ. हरिशंकर तिवारी, भौतिकी विभाग, डॉ. अमित खासकलम, आईटी, डॉ. विवेकानंद मंडल,फार्मेसी विभाग और ब्रजभूषण चतुर्वेदी सहायक प्राध्यापक गणित विभाग शामिल हैं.

मिलकर रिसर्च कर सकेंगे यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट

MOU साइन होने के बाद दोनों ही यूनिवर्सिटी के बीच तालमेल इस तरह का होगा कि दोनों ही यूनिवर्सिटी के शोधार्थी यहां से वहां और वहां से यहां आ सकते हैं. इसमें नई खोज के साथ ही नए अविष्कार भी होंगे.इसके अलावा सेंट्रल यूनिवर्सिटी और अहमदाबाद की EDII के छात्र एक दूसरे के साथ मिलकर भी शोध करेंगे. जिससे देश में नए शोध और अविष्कार होगा, नया भारत एक भारत के इस प्रयोग में अब सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने भी कदम रख दिया है. भविष्य में इसके बेहतर परिणाम होंगे.